**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 21 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "मेरा लक्ष्य हरियाणा को 'शून्य अपराध राज्य' बनाना है।"मुख्यमंत्री ने कल चंडीगढ़ में अपराध और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस और सिविल प्रशासन को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर एक टीम के रूप में कार्य करें ताकि अपराध और अपराधियों का प्रभावी तरीके से खात्मा किया जा सके।आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह का स्मरण कर रहे हैं।

***************************************************************************

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह का स्मरण कर रहे हैं।

***"हरियाणा में जन्मे मेजर होशियार सिंह जून 1963 में तीसरी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट में शामिल हुए। 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान बटालियन को बसंतर नदी पर एक पुल बनाने का काम सौंपा गया था, जो दोनों तरफ गहरी बारूदी सुरंगों से की हुई थी। मेजर सिंह सी कंपनी के कमांडिंग ऑफिसर थे, जिन्हें जरपाल इलाके पर आक्रमण करने का निर्देश दिया गया था। कंपनी पर दुश्मन की ओर से मशीनगनों से भारी गोलाबारी हुआ। दुश्मन की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, मेजर होशियार सिंह हिम्मत नहीं हारे और अपने जवानों को प्रेरित हुए एक खाई से दूसरी खाई तक आगे बढ़ते गए। जब वे अपने जवानों को प्रोत्साहित कर रहे थे, तभी दुश्मन का एक गोला मीडियम मशीन गन पोस्ट के पास आकर गिरा, जिससे चालक दल के लोग घायल हो गए। मेजर होशियार सिंह स्थिति को समझते हुए तुरंत मशीन गन पिट की ओर दौड़ लगाई और खुद गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद गन को संभाला और दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया। हमले को सफलतापूर्वक मुकाबला किया गया और दुश्मन के कमांडिंग ऑफिसर सहित 85 जवान मारे गए। मेजर होशियार सिंह को उनकी वीरता और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।"***

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कल 18 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के **एक सौ तीन** रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का उद्‌घाटन करेंगे। केन्द्रशासित प्रदेश पुद्दुचेरी स्थित **माहे रेलवे स्टेशन** को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत माहे स्टेशन में यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इसके अंतर्गत नए वेटिंग रूम बनाए गए हैं और

प्लेटफॉर्म तथा टॉयलेट ब्लॉक को भी और अधिक बेहतर बनाया जाएगा। स्टेशन में आवाजाही के लिए अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गाडियों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी।

*************************************************************

कालका एवं बिटना के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कल रोजगार मेले का आयोजन किया गया।कालका एवं बिटना के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य मनदीप बेनीवाल ने बताया

रोजगार मेले में नगर परिषद कालका के चेयरमैन, कृष्ण लाल लांबा ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की।

*********************************************************************

पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कल चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्र की अखंडता की रक्षा में "ऑपरेशन सिंदूर" के दौरान भारतीय सेना, विशेष रूप से पश्चिमी कमान के अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की। सेना कमांडर ने भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नागरिक-सैन्य सहयोग के सभी पहलुओं में प्रदेश सरकार द्वारा अटूट समर्थन के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्य प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

बैठक में सेना कमांडर ने अग्निवीरों के सेवा-पश्चात रोजगार का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि हरियाणा राज्य मंत्रिमंडल ने पुलिस विभाग में पुलिस कांस्टेबल की भर्ती में अग्निवीरों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने उन चुनिंदा क्षेत्रों में सेना कैंटीन खोलने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला, जो आवश्यक मानदंडों और नियमों को पूरा करते हैं। सेना कमांडर ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस मामले पर जल्द ही विचार कर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

बैठक में सेना कमांडर ने सेना कर्मियों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सेना कल्याण आवास संगठन को भूमि आवंटित करने का भी आग्रह किया।

*********************************************************************

श्रीलंका कोलंबो के में 16 से 24 मई तक आयोजित हो रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप (अंडर-22) में फरीदाबाद की पायल जाखड़ ने 81 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है।सेमीफाइनल मुकाबले में पायल ने नेपाल की तृषा जा-बेगु को दूसरे ही राउंड में एकतरफा अंदाज़ में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब 23 मई को होने वाले फाइनल मुकाबले में उनका सामना कजाकिस्तान की मुक्केबाज टोक-टासिन एसिल से होगा।